लखनऊ, रविवार
13 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 24+4+4=32

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

ट्विटर ने आठ डालर वाले ब्लू सब्सक्रिप्शन को वापस लिया 19
जयशंकर ने यूक्रेनी विदेश मंत्री से परमाणु खतरे पर की बात 19

'क्रिटिकल केयर में नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की भूमिका महत्वपूर्ण'

जागरण संवाददाता, लखनऊ : एरा मेडिकल कालेज में क्रिटिकल केयर विभाग के प्रभारी डा. मुस्तहसिन मलिक ने कहा कि क्रिटिकल केयर में नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की अहम भूमिका है। वे मरीज के साथ 24 घंटे रहते हैं। इसलिए उन्हें तकनीक के साथ-साथ इमरजेंसी सेवाओं का पूर्ण ज्ञान अनिवार्य है।

शनिवार को इंडियन सोसाइटी आफ क्रिटिकल केयर मेडिसन और एरा लखनऊ मेडिकल कालेज के तत्वावधान में एरा विश्वविद्यालय में शुरू हुए दो दिवसीय क्रिटिकल केयर प्रशिक्षण शुरू किया गया। इसमें डा. मलिक ने कहा कि नर्सिंग व पैरा मेडिकल स्टाफ को इतना ट्रेंड होना चाहिए कि वे डाक्टर की अनुपस्थिति में इमरजेंसी सेवा दे सकें। एरा विश्वविद्यालय की कुलपति डा. फरजाना मेहदी ने कहा कि नर्स और पैरा मेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग मरीजों के हित में जरूरी है।

इंड्यिन सोसाइटी आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन, लखनऊ चैंबर के अध्यक्ष डा. एसएस नाथ, एसजीपीजीआइ के प्रो. संदीप साहू, डा. राम नरेश, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की डा. रजनी गुप्ता, डा. केपी मल, डा. मधुलिका, डीन डा. एमएमए फरीदी आदि ने भी विचार रखे।